# दिनांक 03–08–2023 को सम्पन्न जलजीवन मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

दिनाँक 03–08–2023 को पूर्वान्ह 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। समीक्षा बैठक मे निम्नलिखित अधिकारियों के साथ कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

**1– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।**
**2– मेसर्स वेलेस्पन इण्टर प्राईजेज के प्रतिनिधि।**
**3– मेसर्स एफ0कान0 इन्फास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि ।**
**4– जिला समन्वयक, डिस्ट्रिक प्रोजेक्ट मानीटरिंग यूनिट (डी0पी0एम0यू0) के प्रतिनिधि।**
**5– डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर मेधज टेक्नो कान्सेफ्ट (टी0पी0आई0) के प्रतिनिधि।**

जल जीवन मिशन से सम्बन्धित कुल 3158 डी0पी0आर0 की स्वीकृति के सापेक्ष 3158 डी0पी0आर0 राज्य स्तर से स्वीकृत हुआ है। स्वीकृत डी0पी0आर0 के सापेक्ष कार्यदायी संस्था मेसर्स वेलेस्पन इण्टर प्राईजेज एंव मेसर्स एफ0कान0 इन्फास्ट्रक्चर द्वारा कार्य किया जा रहा है।

(1) समीक्षा बैठक मे मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राईजेज के प्रतिनिधि को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 874 राजस्व ग्रामों में कार्य कराये जाने हेतु कार्य आवंटन किया गया है, जिसमें 353 परियोजनाओं का निर्माण होना है जिसके सापेक्ष पोर्टल पर 353 डी0पी0आर0 का अनुमोदन राज्य स्तर से प्राप्त हुआ है। वेलस्पन इण्टर प्राईजेज द्वारा 304 ग्रामों में कार्य प्रगति पर है शेष 49 ग्रामों में अद्यतन कार्य प्रारम्भ न कराया जाना विभाग की शिथिलता का द्योतक है। मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राईजेज के प्रतिनिधि को निर्देश दिया जाता है कि प्रगति में अपेक्षित सुधार लाते हुए समस्त ग्रामों में कार्य प्रारम्भ कराते हुए शीघातिशीघ्र पूर्ण कराया जाय तथा एफ0एच0टी0सी0 में शतप्रतिशत कनेक्शन कराने का निर्देश दिया गया। मेसर्स वेलेस्पन इण्टर प्राइजेज को प्रतिदिन 600 कनेक्शन कराने का निर्देश दिया गया था किन्तु इनके द्वारा मात्र 250 कनेक्शन प्रतिदिन किया जा रहा है। निर्देश दिया गया कि प्रतिदिन किये जा रहे कनेक्शन की सूची एंव घरों पर किये गये कनेक्शन की नम्बरिंग वाट्सप के माध्यम से उपलब्ध करायें। जिससे किये गये कनेक्शन का सत्यापन कराया जा सके।

(कार्यवाही– मेसर्स वेलेस्पन इण्टर प्राईजेज)

(2) समीक्षा बैठक मे मेसर्स एफ0कॉन0 इन्फास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 2284 राजस्व ग्रामो मे कार्य कराये जाने हेतु आवंटन किया गया है, जिसमें 870 परियोजना का निर्माण होना है उक्त के सापेक्ष पोर्टल पर 870 डी0पी0आर0 का अनुमोदन राज्य स्तर से प्राप्त हुआ है। मेसर्स एफ0कान0 इन्फास्ट्रक्चर द्वारा 766 परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है कार्य की प्रगति में तेजी लाकर शेष परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया जाय तथा 15 दिन के अन्दर निर्माणाधीन परियोजनाओं पर कम से कम 1000 कनेक्शन प्रतिदिन किये जाने का निर्देश दिया गया। मेसर्स एफ0कॉन0 इन्फास्ट्रक्चर द्वारा प्रतिदिन 600 कनेक्शन किया जा रहा है। प्रतिदिन किये जा रहे कनेक्शन की सूची एंव घरों पर किये गये कनेक्शन की नम्बरिंग वाट्सप के माध्यम से उपलब्ध करायें। जिससे किये गये कनेक्शन का सत्यापन कराया जा सके।

(कार्यवाही– मेसर्स एफ0कॉन0 इन्फास्ट्रक्चर

(3) अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया जाता है कि मेसर्स वेलेस्पन इण्टर प्राईजेज एंव मेसर्स एफ0कॉन0 इन्फास्ट्रक्चर के द्वारा किये जा रहे कनेक्शन कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर डी0पी0यम0यू0 एवं आई0एस0ए0 को अवगत कराते हुए समस्या का निदान कराकर कार्य पूर्ण कराया जाय।

(4) जिला समन्वयक, डिस्ट्रिक प्रोजेक्ट मानीटरिंग यूनिट (डी0पी0एम0यू0) के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि कनेक्शन न लेने वाले परिवारों की सूची एंव भूमि विवाद की सूची मेसर्स वेलेस्पन इण्टर प्राईजेज एंव मेसर्स एफ0कॉन0 इन्फास्ट्रक्चर से प्राप्त कर समस्यों का निस्तारण करायें।

(कार्यवाही– समन्यवयक डी0पी0एम0यू0 )

(5) डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर मेधज टेक्नो कान्सेफ्ट (टी0पी0आई0) के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि मेसर्स वेलेस्पन इण्टर प्राईजेज एंव मेसर्स एफ0कॉन0 इन्फास्ट्रक्चर द्वारा कराये जा रहे कार्यो की गुणवत्ता की जॉच कर आख्या उपलब्ध करायें।

Scanned with CamScanner

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन की प्रगति से समस्त कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि कार्यस्थल पर लगे हुए सोलर पैनल की सूची उपलब्ध करायें तथा वाउण्ड्रीवाल पर वायर फेन्सिंग करायें ताकि ग्राम प्रधान से वार्ता कर सोलर पैनल की सुरक्षा हेतु चौकिदार की व्यवस्था की जा सके। कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया कि जिन ग्राम पंचायतों में कार्य चल रहा है उसमें कितने मजदूर कार्य कर रहें हैं की सूची प्रतिदिन डी0पी0एम0यू0 को उपलब्ध करायें।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिया गया कि मेसर्स वेलेस्पन इण्टर प्राईजेज एंव मेसर्स एफ0कॉन0 इन्फ्रास्ट्रक्चर के स्टेट हेड को दिनांक 07.08.2023 को जिलाधिकारी महोदय के समक्ष उपस्थित होने हेतु निर्देशित करें।

मुख्य विकास अधिकारी
जौनपुर।

**कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी,जौनपुर।**

पत्रांक 865 /का0वि0/जल जीवन/2022–23 दिनाँक 08 अगस्त 2023

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– जिलाधिकारी महोदय, जौनपुर।
2– जिला विकास अधिकारी,जौनपुर।
3– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) जौनपुर।
4– समस्त खण्ड विकास अधिकारी जौनपुर।
5– मेसर्स वेलेस्पन इण्टर प्राईजेज के प्रतिनिधि ।
6– मेसर्स एफ0कान0 इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि।
7– जिला समन्वयक डिस्ट्रिक प्रोजेक्ट मानीटरिंग यूनिट (डी0पी0एम0यू0) के प्रतिनिधि।
8– डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर मेधज टेक्नो कान्सेफ्ट (टी0पी0आई0) के प्रतिनिधि।

मुख्य विकास अधिकारी
जौनपुर।

Scanned with CamScanner